हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025



### जीत मिलते ही वार्डों में निकलने लगेगी रैलियां, शहरभर में धूम-धड़ाका का रहेगा माहौल

# 530 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, डेढ़ घंटे में आ जाएगा परिणाम, जीत का जश्न मनाने एडवांस में बैंड-बाजा की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अविभाजित जिले की आठ शहरी सरकार चुनने 11 फरवरी को कराए गए मतदान का परिणाम आज सामने आ जाएगा। सभी निकायों में सुबह 9 बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा। वहीं महज डेढ़ घंटे के भीतर ही सभी निकायों के 173 पद के परिणाम भी मिल जाएंगे। जीत का जश्न मनाने के लिए एडवांस में ही नेताओं ने बैंड-बाजों की बुकिंग कर ली है।

इधर प्रशासन भी अपनी पूरी तैयारी मतगणना को लेकर कर चुका है। अविभाजित जिले में 1.54 लाख मतदाताओं के मत को गिनने के लिए दो हजार सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। ज्ञात हो कि सभी निकाय में ही वहां की मतगणना की जाएगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग तीन हजार जवान को तैनात किया जाएगा।

सभी निकाय में हर वार्ड में जितने बूथ मतदान के लिए बनाए गए थे, उतने ही राउंड में वहां की गिनती पूरी हो जाएगी। जिले में न्यनूतम दो और अधिकतम पांच बूथ एक वार्ड के लिए बनाए गए हैं। ऐसे में कम से कम दो राउंड होने के बाद ही पहला नतीजा सामने आएगा और सबसे अंत में पांच राउंड वाले वार्ड का परिणाम मिलेगा। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार ईवीएम के मतों की गिनती से पहले सभी निकाय में निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की गणना की जाएगी।

**इतने प्रत्याशी**

- राजनांदगांव 187
- डोंगरगढ़ 74
- गंडई 43
- डोंगरगांव 38
- अं. चौकी 54
- छुईखदान 39
- छुरिया 41
- एलबी नगर 34
- टीप : इन निकायों में कुल प्रत्याशियों की संख्या, अध्यक्ष पार्षद को मिलाकर



### 13-13 वार्ड संभालेंगे एआरओ

मतगणना स्थल पर शहर के 51 वार्डों के लिए 51 टेबल लगाए गए हैं। वहीं 4 एआरओ के लिए अतिरिक्त टेबल लगे हैं। जिसमें 1 एआरओ 13 वार्ड की मतगणना का परिणाम नोट करेंगे और उनके हस्ताक्षर से ही मतगणना का परिणाम जारी होगा। शहर के 51 वार्ड के लिए 4 एआरओ गणना में उपस्थित रहेंगे। मतगणना केंद्र में पार्षद प्रत्याशी की ओर से अपने-अपने वार्ड की गणना के लिए एक गणना अभिकर्ता नियुक्त होगा। वहीं महापौर प्रत्याशी के लिए सभी टेबल पर एक गणना अभिकर्ता नियुक्त रहेगा।

### यहां होगी मतगणना

नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत कृषि उपज मण्डी समिति राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन डोंगरगांव, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर अंतर्गत आईटीआई लालबहादुर नगर में मतगणना कार्य किया जाएगा।

### सबसे अंत में आएगा तुलसीपुर और रामकृष्ण वार्ड का परिणाम

जिन वार्ड में जितने मतदान केंद्र बनाए गए हैं, उतने ही राउंड में वहां की गिनती पूरी होगी। ऐसे में राजनांदगांव शहर में कुल 7 वार्ड में दो बूथ थे। इनमें वार्ड क्रमांक 2, 14, 17, 19, 28, 31 और 50 शामिल हैं। इन वार्ड के परिणाम सबसे पहले सामने आ जाएंगे। ऐसे ही तीन बूथ वाले वार्ड में वार्ड क्रमांक 1, 3, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 13, 15, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 29, 30, 32, 33, 34, 35, 36, 38, 39, 40, 41, 42, 44, 43, 46, 47, 48, 49 और 51 शामिल हैं। इन वार्डों में तीन राउंड में गिनती पूरी होगी। चार मतदान केंद्र वाले कुल पांच वार्ड हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 4, 9, 12, 25 और 37 शामिल हैं। सर्वाधिक पांच राउंड वाले वार्ड में वार्ड क्रमांक 16 और 45 शामिल है। यहीं के परिणाम सबसे अंत में सामने आएंगे।

### सिर्फ एक अभिकर्ता की ही अनुमति

मतगणना के दौरान आज पार्षद पद के प्रत्याशी अपने साथ केवल एक ही अभिकर्ता को मतगणना स्थल के अंदर लेकर जा सकेंगे। वहीं मतगणना टेबल में प्रत्याशी या फिर अभिकर्ता दोनों में से एक ही बैठ सकेगा। हालांकि महापौर, नपा व नपं अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को कुल टेबल संख्या अनुसार अभिकर्ता लेकर जाने की अनुमति दी जाएगी। मतगणना स्थल के भीतर केल्क्यूलेटर के अलावा सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस प्रतिबंधित होंगे, मतगणना सुबह 9 बजे से शुरु होगी।

### पहले डाकमत्र की होगी गिनती

मतगणना का कार्य 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले एआरओ टेबल पर निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गिनती पूरी होगी। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के लिए कुल 126 मतपत्र जमा हुए हैं। इनके बाद सभी वार्ड की एक साथ पहले राउंड की गिनती होगी। इसमें पहले महापौर प्रत्याशियों को मिले मत सामने आएंगे। उसके बाद उस राउंड में पार्षद प्रत्याशियों के मत के आंकड़े मिलेंगे। जिसके बाद दूसरे राउंड की गिनती होगी।

### छुरिया आगे, नांदगांव रहा पीछे

अविभाजित जिले के आठ निकायों में मतदान कराया गया है। इनमें राजनांदगांव नगर निगम में 74.06 फीसदी 100087 मत डाले गए हैं। ऐसे ही डोंगरगढ़ नगर पालिका में 77.85 फीसदी 21828, एलबी नगर नपं में 90.61 फीसदी 3272, डोंगरगांव नपं में 81.31 फीसदी 9710, छुरिया नपं में 93.13 फीसदी 2861, गंडई नपं में 83.47 फीसदी 8537, छुईखदान में 83.57 फीसदी 4918, अंबागढ़ चौकी में 80.06 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।

### महिला मतदाता रही पीछे

भले ही जिले के सभी निकाय में पुरूष के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रही हो, लेकिन मतदान करने में छुरिया नगर पंचायत को छोड़कर बाकी सभी शहरों में पुरूषों ने महिलाओं को पछाड़ दिया। राजनांदगांव नगर निगम में जहां 75.16 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने वोट डाला। वहीं महिलाओं की संख्या 73.03 फीसदी रही। ऐसे ही डोंगरगढ़ नगर पालिका में 78.06 फीसदी पुरूष व 77.65 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया है। एलबी नगर नगर पंचायत में 91.28 फीसदी पुरूष, 89.97 फीसदी महिलाएं, डोंगरगांव नगर पंचायत में 82.74 फीसदी पुरूष व 79.97 फीसदी महिलाओं ने वोटिंग की। छुरिया नगर पंचायत में 93.31 फीसदी महिला एवं 92.93 प्रतिशत पुरूष ने मतदान किया है।

## चुनावी नतीजे आने से पहले ही फूल-माला के मिले ढ़ेरों आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगरीय निकाय चुनाव की जीत के जश्न को खास बनाने के लिए बैंड-बाजे, डीजे और धुमाल पार्टी तैयार है। वहीं फूलमाला के विक्रेताओं ने भी अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। शहर के 51 वार्डों में जीत के जश्न को देखते हुए बड़े पैमाने पर गुलदस्ते और फूलों की माला बनाई जा रही है।

प्रत्याशी की जीत का जश्न मनाने कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। भाजपा-कांग्रेस से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने पहले ही कई दुकानों पर फूल-मालाओं की एडवांस बुकिंग भी करवा ली है। 15 फरवरी शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे से मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा और लगभग 11 बजे तक शहर के महापौर प्रत्याशियों सहित पार्षद उम्मीदवारों के परिणाम भी घोषित हो जाएंगे। जिसके बाद प्रत्याशी की जीत पर उन्हें गुलदस्ता भेंट करने और माला पहनाने की होड़ भी रहेगी, जिसे देखते हुए फूल-माला विक्रेताओं द्वारा फूलों की माला बनाई जा रही है।

**व्यापारियों ने मंगाए अधिक फूल**

इधर मतगणना को देखते हुए फूल व्यापारियों द्वारा भी अलग-अलग तरह की फूलों की मालाएं बनाई जा रही है। गेंदे से लेकर, चमेली, मोंगरा, सेवंति और गुलाब तक की मालाएं तैयार की जा रही है। इसके लिए फुटकर माला व्यापारियों ने भी आम दिनों के मुकाबले अधिक फूलों के आर्डर दिए हैं।

### जीत के अपने-अपने दावे



**भरपूर आशीर्वाद मिला, जीतेंगे हम**

मैं जनता का प्रत्याशी हूं, चुनाव प्रचार के दौरान शहर के सभी वार्डों में मुझे जनता का भरपूर समर्थन मिला है । जनता ने शहर के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया है और जनता के आशीर्वाद से ही हमें जीत मिलेगी।

**मधुसूदन यादव,** भाजपा महापौर प्रत्याशी



**जनता की मुहर नए चेहरे पर**

चुनाव प्रचार में मुझे युवाओं और माता-बहनों का काफी साथ मिला है। जनता का आशीर्वाद मिला है। जनता एक ही चेहरे से बोर हो गई थी, जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है, मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी जीत होगी।

**निखिल द्विवेदी,** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी

## मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम


### पांच सौ जवान संभालेंगे जिलेभर में सुरक्षा का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में डाले गए मतों की गणना शनिवार 15 फरवरी की सुबह 9 बजे से प्रारंभ कर दी जाएगी। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो चुकी है। प्रशासन द्वारा कृषि उपज मंडी के नवनिर्मित गोदाम में मतगणना किए जाने की तैयारी की गई है।

यहां शहर के वार्डों के हिसाब से मतगणना के लिए टेबल लगाए गए हैं, जहां अलग-अलग वार्डों की मतगणना होगी। इसी दौरान महापौर प्रत्याशी की मतगणना भी इन्हीं टेबलों में की जाएगी।

**तीन-चार राउंड में पूरी होगी गणना :** नगरीय निकाय के निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। गणना अभिकर्ता के लिए 300 से अधिक फॉर्म आए थे, जिन्हें पहचान पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना की कार्रवाई तीन से चार राउंड में पूरी हो जाएगी।



### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

इधर मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वाहन पार्किंग स्थल से लेकर मतगणना स्थल जाने के रास्ते और मतगणना प्रवेश द्वार सहित गणना स्थल के भीतर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा।

### पान गुटखा प्रतिबंधित

मतगणना स्थल पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लैपटॉप, आईपैड , मोबाइल सहित मादक पदार्थ, पान, बीड़ी, सिगरेट ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। वहीं गणना अभिकर्ताओं को पेन, पेंसिल और कैल्कुलेटर ले जाने की अनुमति दी गई है।

**खबर संक्षेप**

### शहर में अब सुबह 6.15 बजे से पानी सप्लाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा आम जनता को सुबह एवं शाम शुद्ध व साफ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए निर्धारित समय में पानी सप्लाई की जाती है। ठंड के मौसम में सुबह 6.45 बजे के करीब पेयजल सप्लाई की जाती थी। चूंकि अब गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है, जिसे ध्यान में रखकर पानी सप्लाई के समय में परिवर्तन किया गया है और अब सुबह 6.15 बजे पानी सप्लाई की जा रही है। शाम के समय की सप्लाई यथावत समय में ही होगी।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखकर समय में परिवर्तन किया गया है। जिसके अनुसार सुबह आधी घंटा पूर्व 6.15 बजे से शहर की सभी 15 पानी टंकी से पेयजल सप्लाई की जाएगी।

**माय एंगल**




## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 फरवरी से 13 दिनों तक अधोसंरचना विकास हेतु चक्रधरपुर मंडल के बंडामुंडा स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

15 से 25 फरवरी तक गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं 17 फरवरी को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-शालीमार एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से चलेगी। 17 फरवरी को नांदेड़ से चलने वाली 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनिट देरी से चलेगी। 22 फरवरी को हावड़ा से चलने वाली 2222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस 01 घंटे देरी से चलेगी। 24 फरवरी को सिकंदराबाद से चलने वाली गाड़ी संख्या 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 3 घंटे देरी से रवाना होगी। वहीं 24 फरवरी को एलटीटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी। वहीं 24 फरवरी को पुणे से चलने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी। इस दौरान 25 फरवरी को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 2 घंटे देरी से और हावड़ा से चलने वाली 12860 हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस 4 घंटे देरी से रवाना होगी।

## शराब की अवैध बिक्री कर रही महिला को पुलिस ने पकड़ा, 70 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पुलिस ने मौके से जब्त की सवा छह हजार रुपए की शराब

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे कार्रवाई अभियान के तहत पुलिस ने एक महिला आरोपी से 70 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना डोंगरगांव को सूचना प्राप्त हुआ था कि अपने घर के सामने ग्राम आरी थाना डोंगरगांव के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम द्वारा ग्राम आरी में महिला आरोपिया के घर के सामने ग्राम आरी पास रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान मौके पर आरोपिया को अवैध शराब बिक्री करते पाया गया एवं आरोपिया के पेश करने पर उसके कब्जे से 70 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन कीमती रकम 6300 रुपए, शराब बिक्री रकम 200 रुपए जुमला कीमती 6500 रुपए को धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत जब्त कर आरोपिया के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई किया गया।


**जन्मदिन उत्सव**

**आज अंतिम दिन**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, जिसे जमा करने की आज अंतिम तिथि है, पाठक अपना फार्मेट अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।


### महाराष्ट्र निवासी दो आरोपी ट्रक में 30 मवेशियों को ले जा रहे थे

## ट्रक में भरकर महाराष्ट्र ले जा रहे थे मवेशी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरकर मवेशियों को अवैध रूप से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और 30 मवेशी बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद-लाल रंग ट्रक में मवेशियों को भरकर खैरागढ़ की ओर से नागपुर महाराष्ट्र की ओर कत्लखाना ले जा रहा है, जिस पर चिखली पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम गठुला में नाकाबंदी किया गया। मौके पर अलग-अलग रंगों का गाय एवं बैल कुल 30 नग कीमती 300000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया गया तथा मवेशियों को सुरक्षार्थ रेवाडीह स्थित कॉजी हाऊस में रखा गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 281, 324(4), 3(5) बीएनएस, 4, 6, 10 छग पशु परिरक्षण अधि. 2004, 11 पशु के प्रतिक्रूरता अधिनियम 1960 के तहत विधिवत कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय आदेशानुसार जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना लालबाग प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल, सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार, चौकी प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ, सहायक उपनिरीक्षक शत्रुहन टंडन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक सिन्धु सिन्हा, मिर्जा असलम बेग, सुनील बैरागी, मनोज जैन एवं सायबर सेल सहायक उपनिरीक्षक सुमन कर्ष, प्रधान आरक्षक बसंत, आरक्षक जोगेश राठौर, मनोज खुंटे, अविनाश झा, हरिश ठाकुर, प्रख्यात जैन, परिवेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

### आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ा

मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर खैरागढ़ की ओर से आ रही ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, जो वाहन चालक द्वारा वाहन को न रोककर रोड़ किनारे स्थित मकान में घुसा दिया। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राईवर व ट्रक में बैठे दो आरोपी कूदकर भागने लगे, जिसे दौड़ाकर दो आरोपी को पकड़े तथा वाहन चालक आरोपी भाग गया। मौके पर उक्त ट्रक को चेक करने पर ट्रक में ठूंस-ठूंसकर 30 नग कृषक मवेशी भरे थे। पकड़े गए आरोपियों अब्दुल राजिक 45 साल निवासी नालसापुरा अमरावती महाराष्ट्र, गंगाराम 49 साल साकिन मिस्पीरी गोंदिया महाराष्ट्र से कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त 30 नग गाय एवं बैल को कत्लखाना ले जाना जुर्म स्वीकार किया गया।


**संजीवनी** नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

हड्डी रोग विभाग



डॉ. रितेश एन. भोस्कर

MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY

- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने श्रद्धा से किया माता-पिता की पूजा

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी पालक शामिल हुए। श्री योग वेदांत सेवा समिति डोंगरगढ़ के राजू भाई, नम्मू भाई, घना भाई एवं भुवनेश्वर भाई ने विधि- विधान से भैया-बहनों के माध्यम से मातृ-पितृ पूजन कराया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक पूरनलाल पटेल, भुवनदास वर्मा, आचार्य राजेंद्र टंडन, चुरामन साहू, अनिता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, प्रिया दुबे, जागृति लाउत्रे, पूजा ठाकरे एवं मंजू साहू उपस्थित थी। संचालन संस्था प्रमुख एआर पटेल ने किया।

## निधन

### जगदीश साहू



**घुमका।** ग्राम जराही निवासी 95 वर्षीय जगदीश साहू का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे 7 पुत्र उदयभान, सुरेंद्र, गणपत, अंगद, योगेंद्र, केशर, नारायण एवं तीन पुत्री दानबाई, बसंतीन एवं चुनिया साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### कृष्णाराम पाल



**चिचोला।** बापूटोला निवासी कृष्णाराम पाल जो कुछ दिनों से अस्वस्थ थे, का गुरुवार रात्रि 11 बजे के आसपास निधन हो गया। वह ग्राम पंचायत लालुटोला के पूर्व सरपंच थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में किया गया।

### पूजा गुप्ता



**डोंगरगढ़।** जगदीश प्रसाद और मनोज गुप्ता की छोटी बहू पूजा गुप्ता का आकस्मिक निधन 14 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी शवयात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

**प्लाट बेचना है**

डोंगरगढ़ शहर के गोल बाजार में 1852 वर्गफीट प्लाट बेचना है।
प्लाट साइज 50x40

- संपर्क करें -
8319080044
9425560253

### सुबह शुरू होगी मतगणना, दोपहर तक आएगा परिणाम

# जनता का फैसला आज आएगा सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत के लिए मतदान होने के बाद जनपद सभागृह में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखा गया है। यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध है। कल 15 फरवरी को मतगणना के बाद नतीजे सामने आएंगे।



उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा- कांग्रेस के अलावा हमर राज पार्टी एवं कांग्रेस का एक बागी मैंदान में है। भाजपा और कांग्रेस जीत का दावा कर रही है। अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल का कहना है कि बीते 15 साल में कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार, दुकान आबंटन, राशन घोटाला के अलावा केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को मतदाताओं के सामने रखा गया था। मतदाताओं ने भाजपा पर अपना भरोसा जताया है।

#### हार-जीत की अटकलें

मतदान के बाद से नगर में हार जीत को लेकर चर्चा गर्म है। आए दिन पान ठेले, हॉटल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के जमावड़ा के बीच चुनाव का संभावित परिणाम चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है।

#### दमखम से लड़े चुनाव

कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन ने बताया कि नगर में विकास, पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यकाल में नगर सौंदर्यीकरण, हाट बाजार, सीसी सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों को मतदाताओं के समक्ष रखकर दमखम के साथ चुनाव लड़ा गया जिसका अच्छा प्रतिफल मिलेगा। हमर राज पार्टी के प्रत्याशी मनभावन सिंह उइके एवं कांग्रेस के बागी भोजवानी साहू ने कड़ी चुनौती देते हुए दोनों दलों को परेशानी में डाल दिया है।

### नपं अध्यक्ष और पार्षदों का खुलासा आज

**गंडई पंडरिया।** मतदान होने के बाद से नगर पंचायत के नए अध्यक्ष और पार्षदों को लेकर शहर में कयासों का बाजार गर्म है। लोग अध्यक्ष और पार्षद की जीत को लेकर अपना अलग अलग तर्क दे रहे हैं।



मतदाताओं का फैसला कल शनिवार को सामने आएगा। कल होने वाली मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर 14 फरवरी को गंडई पहुंचे। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका रात्रे, पुलिस बल के साथ मतगणना को लेकर चर्चा किया। व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उम्मीदवारों, प्रतिनिधियों एवं मीडिया वालों की बैठक व्यवस्था तय किया गया। कल 15 फरवरी को सुबह 7.30 बजे कर्मचारियों को मतगणना स्थल स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो हाईस्कूल कोपेभाठा पहुंचना है। सुबह 8.30 बजे उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मतगणना स्थल पहुचेंगे। सुबह 9 से 11 बजे तक मतगणना प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

#### आज आएगा चुनाव परिणाम

**डोंगरगढ़।** शनिवार को मतगणना होने के साथ यह तय हो जाएगा कि नगर पालिका में किसका राज होगा। मतदान के बाद जो रूझान सामने आ रहे हैं उससे भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा है लेकिन कुछ भाजपा पार्षदों की जमीन खिसक सकती है। कांग्रेस के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचाष्के सामने आने के बाद उसके खिलाफ माहौल बना परन्तु कई वार्ड में उसकी स्थिति मजबूत नजर आ रही है। माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद के 6 अभ्यर्थियों में भाजपा मजबूत है। वही निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश रामटेके एवं भुषण मेश्राम भी चर्चा में हैं। अब देखना है कि शहर के मतदाताओं ने किस पर अपना भरोसा जताया है। चुनाव परिणाम कल 11 से 12 बजे तक सामने आ जाएगा।

## मतदाता सूची में बदल गया वोटरों का वार्ड

### जांच और कार्रवाई की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत बुढासागर की मतदाता सूची में ग्रामीणों की बिना जानकारी के हेराफेरी करते हुए वार्डों में बदलाव करने की शिकायत ग्राम के संथीर पटेल ने रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम सुश्री रेणुका रात्रे से 14 फरवरी को किया है।

उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वार्ड क्रमांक 2 के मतदाताओ का नाम वार्ड क्रमांक 1 में दर्ज कर दिया गया है इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 2 के मतदाताओ का नाम वार्ड क्रमांक 3 की मतदाता सूची में दर्ज है। इस संबंध में पूर्व में गांव में मुनियादी नहीं कराया गया है। इस कृत्य से पंच का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस कृत्य घोर लापरवाही बताते हुए मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई

रिटर्निंग आफिसर रेणुका रात्रे ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन चलाते समय मोबाइल को दूर रखें

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 13 फरवरी को यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए यातायात नियमों एव सुरक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाईल से बात नहीं करना चाहिए और न नशे की हालत में वाहन चलाएं। उन्होंने हेलमेट का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया।

इसी कड़ी में यातायात विभाग के आरक्षक संदीप कुरें ने हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के संबंध में जानकारी दिया।अंतिम में मार्गदर्शक वक्ता के रूप में उपस्थित उप निरीक्षक कमल किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि लोगों की लापरवाही ही दुर्घटना को आमंत्रण देती है इसलिए नींद में वाहन न चलाए और सिग्नल पर ध्यान दे। इयर फोन लगाकर वाहन नहीं चलाना चाहिए। सफर के दौरान वाहन का लायसेंस एवं बीमा के दस्तावेज साथ में रखे। कार्यक्रम में हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, डां. काव्या जैन, डॉ संजूसिंह, लीना साहू, चांदनी पराते तथा दुलेश्वरदास, देवप्रकाश, प्रियांशु कुमार, शिव कुमार, गोवर्धन, लक्ष्मी, उपासना, तुलसी, रेणुका, खुशबू, डामिन टिकेश्वरी, प्रियंका, सोनिका, सरस्वती, वेणुका, भारती, पूजा, पलक आदि मौजूद थे। संचालन ओमप्रकाश सहारे तथा आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।




## गर्भवती और छात्र को बनाया मजदूर

■ मजदूरी देकर वापस भी ले लिया वन विभाग ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वन विभाग ने गड़बड़ी की हद पार करते हुए गर्भवती महिला और स्कूली छात्र को मजदूरी करना बताकर मजदूरी का भुगतान कर दिया है। विभाग के अधिकारियों ने मजदूरों के बैंक खाते में रकम तो जमा किया किन्तु बाद मामूली रकम थमाकर शेष वापस ले लिया। मामले की शिकायत होने के बाद जांच समिति का गठन तो कर दिया गया है किन्तु समिति बीते तीन माह में कुछ भी नहीं कर पाई है।

शिकायत के अनुसार बछेराभाठा की एक गर्भवती महिला के नाम पर मजदूरी भुगतान किया गया है। सवाल यह है कि गर्भवती महिला कैसे मजदूरी कर सकती है। महिला ने बताया कि उसने कभी भी वन विभाग में काम नहीं किया। उसके खाते में पैसे डाले गए और बाद में वापस ले लिया गया। इसी तरह भंडारपुर की स्कूली छात्र के नाम पर भुगतान किया गया है। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि वह छात्र रोजाना कक्षा में उपस्थित रहता था, लेकिन वह वन विभाग के दस्तावेज को सही माने तो मजदूरी कर रहा था।

#### चुप्पी साधे बैठी कमेटी

इस गड़बड़ी की जांच करने तीन सदस्यीय कमेटी बनाया गया है जिसमें तहसीलदार मुकेश ठाकुर, उप वनमंडलाधिकारी पूर्णिमा राजपूत और मनरेगा अधिकारी विजय प्रताप सिंह शामिल है। जांच कमेटी बने तीन माह बीत चुके हैं किन्तु अधिकारी अभी भी चुप्पी साधे बैठे हैं।

#### शिकायत की जांच में कोताही

शिकायतकर्ता इस मामले की वन विभाग में कई बार शिकायत रक चुका है। कार्रवाई नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से भी शिकायत किया गया। लगातार शिकायत के बाद जांच की जिम्मेदारी उन्हीं अफसरों को सौंप दी गई जो इस गड़बड़ी में शामिल हैं। जानकारी के अनुसार 2021 में डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र के बोरतलाव और खैरागढ़ जिले के कटेमा गांव में बांस-भिर्रा कटाई, मिट्टी चढ़ाई और फेंसिंग जैसे कार्य के लिए स्वीकृति मिली थी। शिकायतकर्ता विलास जांभुलकर ने बताया कि इन कार्यों के नाम पर ग्रामीणों के खातों में रुपए तो जमा किया गया किन्तु मौके पर काम हुआ ही नहीं है। वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को झांसा देकर बैंक से पैसे निकलवाए और वापस ले लिया। ग्रामीणों को महज 1000 रुपये थमा दिया गया।

## हमेशा गतिशील रहे और बने आत्मनिर्भर : फुलबासन

**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत स्थानीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके धमगाये के निर्देशन में महिला स्वरोजगार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गत 12 फरवरी को मुख्य वक्ता के रूप में मां बम्लेश्वरी जनहित कर समिति की संस्थापक पद्मश्री फुलबासन बाई यादव शामिल हुई। इस मौके पर प्राचार्य डां मेश्राम ने बताया कि नौकरियों के अवसर सीमित है। उद्यमिता के क्षेत्र में बहुत मौके है इसलिए प्रत्येक छात्र को कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। मुख्य वक्ता पद्मश्री श्रीमती यादव ने उद्यमिता के क्षेत्र में महिला समूह की भूमिका पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महिला समूह की गठन प्रक्रिया, आपसी लेनदेन, व्यवसाय, आर्थिक लाभ आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि महिला स्व सहायता समूह आमतौर पर महिलाओं का स्वैच्छिक संगठन है जो एक उद्देश्य के साथ अपनी सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का समाधान करता है। उन्होंने शून्य विनिवेश के साथ गोबर के दिया, अगरबत्ती, धान से सजावटी वस्तुएं, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत पुरानी चूड़ियों से सजावटी सामान आदि से लाभ हासिल करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम लागत में जिमीकंद, आम, मूंगा आदि का रोपण कर लाभ अर्जित किया जा सकता है।



#### हिम्मत मत हारो

पद्मश्री श्री यादव ने महिला समूह की तुलना मधुमक्खी के झुंड से करते हुए कहा कि संगठन ही शक्ति है। उन्होंने छात्राओं को अपने गीत हिम्मत हार के मत बैठो से सदैव गतिशील रहने एवं आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। छात्राओं ने महिला उद्यमिता से संबंधित अनेक सवाल किए गए जिनका समाधान किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था से आए प्रतिनिधियों ने तनाव प्रबंधन एवं मेडिटेशन का अभ्यास कराया। अंत में कार्यशाला संयोजक प्रियंकी गजभिए ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ.नम्रता देवांगन, शिल्पा वासनिक ने किया।

## 5 दिवसीय कार्यशाला का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ ने प्रिंटिंग, टाई एवं डाई पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

समापन कार्यक्रम में घुमका महाविद्यालय के दीपक वर्मा, पचपेड़ी कालेज की डॉ. दिशा रानी यादव शामिल हुई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की चुनौतियों से न घबराएं बल्कि उनका सामना करें। महिला स्वरोजगार के क्षेत्र में छात्राओं द्वारा लिया गया प्रशिक्षण एवं जानकारी भावी जीवन के लिए लाभदायक है। इससे आत्मनिर्भर होने में सहायता मिलेगी। अंत में आईक्यूएसी संयोजक डॉ. आरआर कोचे ने आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला के समापन अवसर पर ब्लॉक प्रिंटिंग, बटिंग, स्प्रे, डाइंग प्रिंटिंग पर आधारित प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कहकशां परवीन ने प्रथम, डागेश्वरी नेताम ने द्वितीय तथा जिया पूर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यशाला में 5 दिन तक उपस्थित रहने वाली छात्राओं को भी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. आशा चौधरी, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. सपना परिहार, एवलाल मेश्राम आदि ने अपना योगदान दिया। संचालन नीलम चतुर्वेदानी ने किया।

## नाटक से मतदाताओं को किया जागरूक

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं स्वीप प्रभारी संजय देवांगन के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने गांधी चौक में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अभिनय और संदेश के माध्यम से मतदान के महत्व को समझाया और लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार फॉर्म- 6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा मतपत्र मोड़ने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. नवीन राजपूत, महेश साहू, पूजा देवांगन, रविप्रकाश चतुर्वेदी, नेमू साहू, कमलेश चेलक, हिरेंद्र साहू, रितेश बंजारे, भारती साहू, मोनिका सिन्हा एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।



## पराजय के डर से विरोधी कर रहे दुष्प्रचार: विभा

■ तीन क्षेत्रों में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से चुनाव लड़ रही विभा साहू ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव गैरदलीय है। किसी भी पार्टी की भागीदारी चुनाव में नहीं होती है।

राजनीतिक दलों के चुनाव में भागीदारी सिर्फ इतनी होती है कि उस पार्टी से कोई कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है तो उसे कार्यकर्ता न बनाना पड़े, इसलिए पार्टियां प्रत्याशी अधिकृत करती है। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल 3 और नाम वापसी के लिए 6 फरवरी निर्धारित थी। इस दौरान दौरे पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्धयक्ष ने जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 1, 5 और 7 को मुक्त करने की घोषणा किया था। नाम वापसी तक पार्टी ने किसी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया था।

**कांग्रेस की निष्ठावान कार्यकर्ता**

विभा साहू ने कहा कि वह कांग्रेस की सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता है। वह विगत 20 वर्षों से पार्टी से जुड़कर सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि नामांकन वापसी तक पार्टी ने किसी को अधिकृत नहीं किया था, इसलिए वह कांग्रेस की समर्थित प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही है। उन्हें लेकर विरोधी दुष्प्रचार कर रहे हैं।


**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### चंद्रगिरि तीर्थ में मुनिश्री की धर्मसभा

# करें दान, मिलेगा अच्छा प्रतिफल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अच्छी जमीन पर बीज समय पर डाल दिया तो समय आने पर उससे कई गुना अधिक दाना मिलता है। इसी प्रकार अपनी आमदनी का एक प्रतिशत भी अच्छे कार्यों में लगा दिया जा तो उसका कई गुना प्रतिफल मिलता है।

उक्त उदगार निर्यापक मुनि समतासागर महाराज ने शुक्रवार को चंद्रगिरि तीर्थ में प्रातः कालीन धर्मसभा में व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि गृहस्थ जीवन में सभी पुरुषार्थ करते है। गृहस्थ को प्रतिदिन षटआवश्यक करने का उपदेश शास्त्रों में उल्लेखित है। मुनि श्री ने रत्नकरंडक श्रावकाचार में आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने उल्लेखित श्लोक का उल्लेख करते हुए बताया कि जब आप अर्थ पुरुषार्थ और आरंभ- सारंभ के कार्य करते है तो उनको करने से जो पाप उपार्जित होता है उनको घटाने के लिए देव पूजा, गुरु उपासना, शास्त्रों का स्वाध्याय, संयम, तप और दान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कपड़े में लगे दाग धब्बे को साफ करने में जल समर्थ होता है ठीक इसी प्रकार अर्जित पाप को धोने के लिये दान-पूजा सहयोगी एवं समर्थ है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आजीविका के लिए कई हउपाय करता है किसी की आमदनी अच्छी होती है तो किसी की कम। पुरुषार्थ करने के बाद भी किसी को लाभ नहीं होता तो किसी को कम पुरुषार्थ से अच्छा लाभ हो जाता है।

संसार में यह क्रम चलते रहता है लेकिन जो भी आमदनी हो रही है उसमें से एक प्रतिशत भी दान देना भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। गृहस्थ धर्म में दान और पूजा का बहुत महत्व है। मुनि श्री ने कहा कि बड़े - बड़े दान दातार दान करते है किन्तु समाज में सभी ऐसे नहीं होते जो बड़ा दान कर सके लेकिन जब वह अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करते है तो उनकी बड़ी प्रशंसा होती है।

#### भाव अच्छे रखकर करें अनुमोदना

उन्होंने जैन परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि यदि आपकी सामर्थ नहीं है, फिर भी अपने भावों को अच्छा रखकर अच्छे कार्य करने वाले की अनुमोदना करते हैं तो प्रशंसनीय है। मुनि श्री ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि मंदिर बनाने वाले, मूर्ति स्थापित करने वाले या जिनवाणी का प्रकाशन कराने वाले आहार - विहार में सहयोगी बनने वाले अपनी सेवाएं तथा दान देते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े जन तो बड़ा दान कर रहे है लेकिन अपने भावों को बड़ा करके जो भी जितना काम कर रहा है वह किसी से कम नहीं है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## मतगणना: 27 टेबलों में होगी कवर्धा नगर पालिका की मतगणना

# किसके सिर सजेगा शहरी सत्ता का ताज फैसला आज, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मतदान के बाद करीब चार दिनो के इंतजार के बाद मतपेटियों में बंद कवर्धा नगर पालिका सहित जिले की दो नगर पालिका तथा पांचों नगर पंचायतों से अपनी किस्मत आजमा रहे विभिन्न राजनीतिक दलों और गैर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतगणना के लिए निर्धारित तिथि 15 फरवरी को हो जायेगा। जिला निर्वाचन ने मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। माना जा रहा है कि कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका सहित नगर पंचायत सहसपुर लोहारा,, पाण्डातराई, पिपरिया तथा इंदौरी में रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। कवर्धा नगर पालिका में सत्ता रूढ़ दल भाजपा तथा प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। सभी लोगों की निगाहें इस रोचक मुकाबले का परिणाम जानने टिकी हुई हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत पंडरिया में भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान होगा। इस मुकाबले का परिणाम जानने भी लोग काफी उत्सुक हैं। जानकारों के मुताबिक नगर पंचायत स. लोहारा तथा बोड़ला का मुकाबला भी रोचक है क्योंकि यहां भाजपा, कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावीरण में है लिहाजा यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। उल्लेखनीय है जिले सात नगरीय निकाय चुनाव के लिए गत 11 फरवरी को मतदान किया गया था। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में जिले की सात नगरीय निकायों के करीब 300 से अधिक प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शनिवार को मतगणना के बाद होगा। जिसमें कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो के 75 उम्मीदवारों के साथ ही पंडरिया, पांडातराई, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पिपरिया तथा इंदौरी नगरीय निकाय के प्रत्याशी शामिल हैं।

### पीजी कॉलेज में की जाएगी कवर्धा नपा की मतगणना



जिला निर्वाचन द्वारा मतगणना की व्यवस्था जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में की गई है। कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ, अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

### जिले के नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी



उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि नगरीय निकाय कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र की मतगणना आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय महाविद्यालय कवर्धा में, पंडरिया की मतगणना कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैराग पारा पंडरिया में, नगर पंचायत पाण्डातराई की मतगणना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई, पिपरिया की मतगणना पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया, इंदौरी की मतगणना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौरी, बोड़ला की मतगणना वार्ड 11 मंगल भवन बांधाटोला बोड़ला और सहसपुर लोहारा की गणना पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहारा में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### प्रत्याशियों की धड़कने तेज

टिकट की जद्दोजहद से लेकर चुनावी प्रक्रिया और चुनावी प्रक्रिया से लेकर मतदान की धमाचौकड़ी के बाद अब वो दिन आ गया है जब इस पूरी कवायद का परिणाम सामने आयेगा। इस परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो गई हैं और वे अपनी जीत के आंकड़ों में उलझे नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 15 फरवरी को आने वाने नगरीय निकाय के चुनाव परिणामों को लेकर मतदाताओं में भी खासी उत्सुकता देखी जा रही है, आलम ये है कि जहां देखो वहां सिर्फ चुनाव परिणाम को लेकर ही चर्चा का दौर चल रहा है। इस बीच सट्टा का भी बाजार जोर पकड़ रहा है हालांकि लोग काफी सोच विचारकर और एक दम जीतने वाले प्रत्याशियों पर ही दांव लगा रहे हैं। कुल मिलाकर यह पूरा खेल चंद घंटों का रह गया है। मतगणना के बाद सारी अटकलों और संभावनाओं पर स्वतः ही विराम लग जायेगा।

**मतपत्रों के रंग**

| पद | रंग |
|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | गुलाबी |
| जनपद पंचायत सदस्य | पीला |
| सरपंच | नीला |
| पंच | सफेद |

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सफेद, नीला, पीला, गुलाबी रंग के होंगे मतपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत पंच-सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए दो चरण में मतदान होंगे। बैलेट पेपर (मतपत्रों) से मतदान होना है, इसे लेकर 4 रंग के बैलेट पेपर होंगे। सफेद, नीला, पीला और गुलाबी। अलग पदों पर वोटिंग के लिए अलग रंग निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। एक वोटर पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए अलग-अलग मतपत्रों से वोटिंग करेंगे। मतदान के लिए मतपेटियों की मरम्मत कर ली गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कुल 1163 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में एक छोटी और एक बड़ी मतपेटी की व्यवस्था की जाएगी। वोटर मतपत्रों में अपने पसंद के प्रत्याशी पर मुहर लगाएंगे और इन्हीं मतपेटियों में पर्चियां डालेंगे, इसकी तैयारी जारी है।

### जिले की 469 पंचायतों में सरपंच पद का चुनाव

जिले की 469 ग्राम पंचायतों में सरपंच, 6166 वार्ड पंच, 100 जप सदस्य, 14 जिपं सदस्य के लिए चुनाव हो रहे हैं। इनमें कवर्धा जनपद क्षेत्र में पंच के 1408, सरपंच के 105 पद, सहसपुर लोहारा जनपद में पंच के 1273, सरपंच 96, बोड़ला जनपद में पंच के 1577, सरपंच 125 और पंडरिया जनपद क्षेत्र में पंच 1966 व सरपंच 143 पद शामिल हैं। चारों जनपद में 25-25 सदस्य, जिपं की 14 सीटों के लिए वोटिंग होगी। जिले में दो चरण में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्र के लिए 17 फरवरी को वोटिंग होगी। वहीं दूसरे चरण में 20 फरवरी को बोड़ला और पंडरिया जनपद क्षेत्र के लिए मतदान होना है। वोटिंग को लेकर निर्वाचन विभाग तैयारी में जुट गया है। पंडरिया जनपद में 437, कवर्धा में 265, सहसपुर लोहारा में 243 और बोड़ला जनपद में 308 कुल 1163 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### डीयूः सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** पदुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इसमें एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है।

### मतदाता की पहचान हेतु 18 दस्तावेज होंगे मान्य

**कवर्धा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, सहित मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

## धान बेचने के 25 दिन बाद भी किसानों को नहीं मिली फूटी कौड़ीः चोवाराम साहू

### भुगतान पाने भटक रहे जिले के सैकड़ों किसान



- 20 जनवरी के बाद धान बेंचने वाले किसानो को नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

समर्थन मूल्य में धान की उपज बेंचने वाले जिले के धान उत्पादक किसानो को प्रदेश सरकार के वायदे के मुताबिक बेंची गई फसल की राशि नहीं मिल पा रही है। किसानो द्वारा समर्थन मूल्य में बेंचे गए धान के भुगतान में हो रही इस भारी लेटलतीफी से किसानो में भारी असंतोष तथा नाराजगी देखी जा रही है। वहीं उन्हें खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के किसानों से 14 नवंबर से 31 जनवरी तक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई। जिन किसानो ने 14 नवम्बर से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर सेवा सहकारी समितियों में धान की उपज बेंची है उन्हें शासन ने पहले तो अपनी घोषणा के विपरीत 3100 रूपए के बजाए सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया। बाद में बोनस के रूप में 800 सौ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए धान के समर्थन मूल्य की 117 रूपए की राशि का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफ जिले के जिन किसानो ने 20 जनवरी के बाद सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर अपनी धान की उपज बेंची है उन्हें अभी तक फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि शासन ने किसानो से वादा किया था कि किसानो के उपज बेंचने के 72 घंटे के भीतर एक मुस्त 3100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया जाएगा। लेकिन 20 जनवरी के बाद धान बेंचने वाले किसानो को आज अपनी उपज बेंचे आज करीब 25 दिन हो चुके हैं लेकिन उन्हें अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। जिससे किसानो के सामने भारी आर्थिक तंगी की स्थिति निर्मित हो रही है। किसानो ने बताया कि इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा है, प्रयागराज में महाकुंभ लगा है लेकिन हांथ में राशि नहीं होने के कारण वे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसान काट रहे बैंकों के चक्कर

बताया जाता है कि 20 जनवरी के बाद अपनी धान की उपज सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य में बेंचने वाले जिले के सैकड़ों किसान हर दिन बैंक के चक्कर काट रहे हैं लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा उन्हें एक ही जवाब दिया जा रहा है कि अभी उनके खाते में राशि नहीं डाली गई है। ऐसे में किसानो ने शासन से मांग की है कि 20 जनवरी के बाद धान की उपज बेंचने वाले किसानो के खातों में तत्काल राशि का भुगतान किया जाए।

## वाणी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिलेभर में मतदाता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाणी विद्या मंदिर खपरी के छात्र छात्राओं द्वारा शनिवार को हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान के प्रति नारे लगाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिऐ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं हाथ मे तख्तियां लेकर चल रहे थे। उन्होने पहले मतदाता फिर जलपान, वोट की कीमत कभी नही लेंगे, लेकिन वोट जरूर देंगे, हर वोट कीमती है वोट देने की सबको विनती है, नागरिकों की पहचान सबसे पहले मत का दान, रिश्ते नाते खूब निभाओ पहले मतदान कर आओ, अंतर्मन से वोट देना बदले में कुछ नही लेना, दारू-लालच-रुपए-नोट नही लेंगे देंगे मन का वोट, डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ जैसे स्लोगन के साथ जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान वाणी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।



## कोदो, कुटकी सहित रागी की खरीदी कल तक, अब तक 4430.78 क्विंटल संग्रहण

**कवर्धा।** वर्ष 2024-25 के लिए कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी 15 दिसंबर 2024 से जारी है। यह खरीदी लघु वनोपज संघ द्वारा जिला यूनियन कवर्धा के जरिए की जा रही है। जिले की 46 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के हाट बाजार केंद्रों में महिला स्व-सहायता समूहों के जरिए अनाज खरीदा जा रहा है। किसान 15 फरवरी तक अपनी उपज बेच सकते हैं। डीएफओ के अनुसार इस योजना का उद्देश्य वनांचल के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना और मोटे अनाज को बढ़ावा देना है। इससे किसानों को बिचौलियों को औने-पौने दाम पर अनाज बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस साल कोदो की खरीदी का लक्ष्य 18 हजार क्विंटल, कुटकी 700 क्विंटल और रागी 500 क्विंटल रखा गया है। खरीदी के लिए अनाज 2024 का ही होना चाहिए। प्रति एकड़ कोदो-रागी 3 .50 क्विंटल और कुटकी 2 क्विंटल खरीदी जाएगी। 30 जनवरी तक कुल 4430 .78 क्विंटल मिलेट्स संग्रहित हो चुके हैं। इस साल कोदो का समर्थन मूल्य 32 रुपए प्रति किलो, कुटकी 33 .50 रुपए प्रति किलो और रागी 42 .90 रुपए प्रति किलो तय किया गया है। रागी का समर्थन मूल्य 38 .46 रुपए प्रति किलो से बढ़ाकर 42 .90 रुपए प्रति किलो किए हैं।



### नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कन्हैया अग्रवाल ने किया श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

## गौमाता को रोटी खिलाने से मनोकामना होती है पूर्णः आचार्य रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा शहर में धार्मिक आयोजन जोरों पर है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कन्हैया अग्रवाल द्वारा जी श्याम पैलेस, लालपुर रोड, कवर्धा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र कथा का वाचन आचार्य रामेश्वर नारायण, शारदा शक्तिपीठ, मैहर, मध्यप्रदेश द्वारा किया जा रहा है। आचार्य रामेश्वर नारायण ने 8 फरवरी से श्रीमद भागवत कथा का रसपान शुरू किया था, और यह कथा 15 फरवरी तक चलेगी। यह आयोजन कवर्धा के नागरिकों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव का मौका बन चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। कथा के छठवें दिन शारदा पीठ मैहर वाले पूज्य आचार्य पंडित रामेश्वर नारायण जी ने कृष्ण कथा और गौ माता की महिमा को विस्तार से सुनाया उन्होंने कहा कि गौ माता के दर्शन मात्र से मनुष्य को अपार पुन्य मिल जाता है एक बार लक्ष्मी जी ने गौ माता को पूछा कि मैं आपके शरीर में निवास करना चाहती हूं, तब गौ माता ने कहा की मेरे शरीर में कोटिशः देवताओं का निवास पहले से है आप मेरे गोबर में निवास करो गोबर की खाद से अन्न उपजते है,




आपने देखा होगा पहले घरों को गोबर में लीपा जाता था उस समय लोग कम बीमार पड़ते थे गंभीर बीमारी तो होता ही नहीं था, गोबर की उपलों से भोजन बनाया जाता था जिससे सात्विक भोजन बनता था मृत्यु लोक है यहां किसी को नही रहना सभी को एक दिन जाना होगा, लोग गौ पालने में शर्म करते है और कुत्ता पालने में राहीस बताते है, तो मृत्यु के समय क्या कुतोया दान करोगे बैतरणी तो गौ माता पार कराएगी उन्होंने कहा कि व्यासपीठ से बोल रहा हूं गौ माता को रोटी खिलाने से मनोकामना पूर्ण होता है, कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है लोग भक्ति भाव से कथा का रसपान कर रहे है। आयोजक कन्हैया अग्रवाल ने इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रकार की धार्मिक गतिविधियाँ लोगों के जीवन में सकारात्मकता और शांति का संचार करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समाज में धर्म और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा, जो हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ है, जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालती है। यह कथा भगवान श्री कृष्ण के जीवन, उनके कार्यों और उपदेशों के माध्यम से जीवन को सही दिशा और मार्गदर्शन देती है। कवर्धा शहर के नागरिक इस कथा के रसपान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं और आचार्य रामेश्वर नारायण से धार्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर भक्तों की आस्था और श्रद्धा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि कथा स्थल को सुंदर रूप से सजाया गया है और पूरे वातावरण में एक धार्मिक आस्था और ऊर्जा का संचार हो रहा है। रही है।

## सशिमं के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

स्थानीय शिशुमंदिर में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमो के जरिए उपस्थित जन समुदाय की तालियां बटोरी वहीं ढेर सारे नगद पुरस्कार भी पाए।

आज सुबह 11 बजे पालकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती तथा भारत माता के तैल चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान यहां पढ़ने वाले नन्हें मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य और भावाभिनय की माध्यम से प्रस्तुति देते हुए अपनी बेहतरीन प्रतिभा का परिचय दिया जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त आचार्य, दीदी के अलावा ग्राम के वरिष्ठ ग्रामीण जन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य चंद्रकिशोर प्रजापति ने किया।



## व्यापक स्तर पर मना मातृ-पितृ पूजन दिवस

# वृद्धा आश्रम में मातृ-पितृ पूजन कर रो पड़े बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के तत्वावधान में समता वृद्धा आश्रम रायपुर नाका में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वृद्धा आश्रम के संचालक गौतम पारख एवं अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी, डॉ. सूर्यकान्त मिश्रा, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा एवं सुनिल अग्रवाल, राजेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजन कार्यक्रम किया गया।

श्री पारख ने बताया की माता-पिता को प्रणाम करने एवं उनका पूजन कर सुख पहुंचाने का जो कार्य युवा जागृति मंच के आयोजको द्वारा किया जा रहा, इस दैवी कार्य के लिए साधुवाद है। अनिल त्रिपाठी ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में आकर आंखे भर आई, इन बच्चों को पूजन करते देखना भाव-विभोर करने वाला पल रहा। सूर्यकान्त मिश्रा ने कहा कि सभी बच्चे प्रतिदिन अपने माता-पिता के पैर दबाएं, उनकी बातों का पालन करें। युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने आभार प्रकट करते बताया कि हमारी संस्था द्वारा इस वर्ष तीन स्थानों पर पूजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू, संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव, जिलाध्यक्ष आदित्य पराते, शहर अध्यक्ष एसके देवांगन, रोहित देवांगन, शत्रुघन साहू, शेख साहू, हरिश, टोमन, अनिल मानिकपुरी, गौरव मंत्री, भारत देवांगन, अभिषेक गिरपुंजे, आकाश सोनी, घमेन्द्र, करण, अजय कुमार, एवनलाल साहू, सिरीश मानके, राकेश साहू, प्रभा देवांगन, चांदनी साहू, भावना साहू, रोशनी ठाकुर आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने दी।

### कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों



श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव में विशाल मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। जिलेभर से भारी तादाद में लोग पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2006 में पूज्य संत श्री आशारामजी बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की पहल की, जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने बताया कि आज के आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभआशीष दी।

# क्षेत्र की प्रगति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी

- किरण विभिन्न गांव में कर रही जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 गैंदाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव का जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए फावड़ा बेलचा छाप पर मुहर लगाकर आशीर्वाद प्रदान का निवेदन कर रही है। जिसमें क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते 3100 रुपए में धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार रुपए सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों के पक्का आवास के सपनों को साकार किया है। निश्चित रूप से जिला पंचायत क्षेत्र की मतदाता मुझे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं तो विकास की गति ट्रिपल इंजन की रफ्तार से क्षेत्र की विकास करूंगी। निश्चित रूप से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 में भी भाजपा की नीतियों और योजनाओं से जनता में उत्साह और भाजपा के प्रति समर्थन स्पष्ट दिख रहा है।

# राजकुमारी ने किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- ग्रामीण एरियों का जनसंपर्क कर मतदाताओं से मांगा आशीर्वाद

जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राजकुमारी सिन्हा ने गैंदाटोला साप्ताहिक बाजार में धुंआधार जनसंपर्क कर सभा का आयोजन किया। इसमें प्रमुख रूप से खुज्जी विधानसभा के कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू ने मतदाताओं से कहा कि इस बार के जिला पंचायत चुनाव में कर्मठ, जुझारू, सरल, स्वभाव की धनी श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा को हाथ चक्की छाप में भारी मतों से चुनाव जिताना है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस क्षेत्र में विकास के जनहित योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की, ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्हें क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला से लोगों से अपार समर्थन एवं जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने लुलीकसा, फाफामार, कोलिहालमती, दैहान, हर्राटोला आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, मनोज सिन्हा, राम साहू, तरूण सिन्हा, नूतेन सिन्हा, राजील कुरैशी, खलील भाई कुरैशी, उत्तम सोनी, दुष्यंत कंवर, करण कंवर, रामनाथ कंवर, लता कंवर, मथुरा कंवर, सियाबाई कंवर एवं कंवर समाज गैंदाटोला एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## कविता का सघन जनसंपर्क, मांगा आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत क्षेत्र क्रमांक 2 से जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव मैदान में उतरी प्रत्याशी श्रीमती कविता ओमप्रकाश साहू ने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 2 से जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रत्याशी श्रीमती कविता ओमप्रकाश साहू ने अपने क्षेत्र के गांव-गांव में सघन जनसंपर्क किया। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम बिजेतला, रीवागहन, सुकुलदैहान, बरगा, लिटिया में सुबह से देर शाम तक डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क किया।

इस दौरान उन्होंने अपना चुनाव चिन्ह दो पत्ती से भी लोगों को अवगत कराते आशीर्वाद मांगा। श्रीमती कविता ओमप्रकाश साहू ने जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में गांव-गांव में मूलभूत सुविधाएं एवं विकास कार्य की गति में तेजी लाने का भी वादा किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## वैजंत्री का डोर-टू-डोर जनसंपर्क, मांगा समर्थन



**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रही श्रीमती वैजंत्री देवी सांडे ने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का सुबह से देर शाम तक दौरा कर मतदाताओं से मुलाकात की और समर्थन एवं आशीर्वाद मांगा। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 1 से जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव मैदान में छाता छाप लेकर उतरी श्रीमती वैजंत्री देवी सांडे ने क्षेत्र के सहसपुर दल्ली, भैंसातरा, डबर, धौराभाठा, पटेवा, हरईकला, हरईखुर्द, बिजेतला, मानपुर, बिरेझर, नवागांव, मोंहदी, मुड़पार, हटवा, देवादा, करेला में सतत जनसंपर्क किया। इन क्षेत्रों में घर-घर में दस्तक देकर वे मतदाताओं से रूबरू हुई और मतदाताओं से उनका समर्थन एवं आशीर्वाद मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके साथ समर्थक एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सुबह से देर शाम तक श्रीमती वैजंत्री देवी सांडे का चुनाव प्रचार अभियान जारी रहा। अपने जनसंपर्क के दौरान उन्होंने ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही।

# फिजिक्स वाला की क्लास के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा 16 को

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी राजनांदगांव द्वारा फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ग्रुप से स्कूल इंटिग्रेटेड प्रोग्राम के अंतर्गत टाई-अप किया गया है। जिसमें आगामी सत्र में कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए 40-40 बच्चों की संख्या में फाउंडेशन कोर्स एवं 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को जेईई/नीट की पढ़ाई सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ कराई जाएगी।

इस कक्षा में चयन के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा 16 फरवरी को 11 से 12 बजे तक एनबीआईएस बोरी स्कूल में पीडब्ल्यू की टीम द्वारा आयोजित की गई है। जिसमें कक्षा के सिलेबस के अनुसार मैथ्स एवं साइंस विषय पर ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमें प्रत्येक कक्षा के एनबीआईएस बोरी स्कूल के प्रथम 5 छात्रों एवं अन्य स्कूलों से नवप्रवेशित होकर पीडब्ल्यू की क्लास प्रारंभ करने के इच्छुक 5 छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 100 प्रतिशत द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 50-50 प्रतिशत एवं चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 40-40 प्रतिशत पीडब्ल्यू की फीस में छूट के रूप में स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। अर्थात प्रत्येक कक्षा में एनबीआईएस के 5 एवं अन्य स्कूलों के 5 अर्थात कुल 10 छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

साथ ही अन्य स्कूलों से पीडब्ल्यू की क्लास प्रारंभ करने वाले सभी छात्रों से प्रवेश शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। वर्तमान में सातवीं, आठवीं, नवमीं एवं ग्यारहवीं अध्ययनरत छात्र आगामी कक्षा हेतु स्कॉलरशिप परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। दसवीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के कारण ग्यारहवीं हेतु यह परीक्षा अभी न लेकर 20 मार्च को 11 बजे आयोजित की जाएगी। स्कॉलरशिप परीक्षा में स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिसके अंतर्गत 1 घंटा पहले अर्थात 10 बजे 16 फरवरी को बोरी स्कूल पहुंचकर तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। सभी परीक्षार्थियों से आग्रह है कि परीक्षा समय से 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है।

## अध्यक्ष चुने गए धनंजय गोस्वामी

**खुज्जी।** ग्राम में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 3 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर समिति भंग कर नई कार्रकारिणी का गठन किया गया। नई समिति की गठन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी बुंदा वर्मा तथा सहायक पूनमचंद साहू की उपस्थिति मे संपन्न हुई। अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी, उपाध्यक्ष वेदराम साहू, सचिव सुंदरलाल देवांगन, सह सचिव रामकुमार सोनकर, कोषाध्यक्ष टुमनकुमार टोडर चुने गए। समिति में धन्नू वर्मा, मुरली यादव, गोविंद सोनकर, ललित यादव, लोकेश सोनकर, धनराज साहू को सदस्य एवं अनिल पंसारी प्रधानाचार्य को शामिल किया गया है। उद्बोधन के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री गोस्वामी ने पदभार ग्रहण किया। शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

## मोहड़ में रजत जयंती समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** आदर्श रामायण समिति एवं समस्त वार्डवासी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय सस्वर मानस अर्णव रजत जयंती समारोह का आयोजन अयोध्या धाम मां दुर्गा मंच मोहड़ वार्ड नं. 49 में शुभारंभ होने जा रहा है। इसके अध्यक्ष गनेश्वर हिरवानी, उपाध्यक्ष बेलास साहू, कोषाध्यक्ष अशोक गौतम एवं सचिव अरूण शेंडे हैं। आयोजन में ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों की भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बनबघेरा, कन्हापुरी धमतरी, उपरवारा, धरमपुरा, खम्हरिया, अहिवारा, नेवनारा, बरगाही, नगरी परसाही, बिहाझर, छुईहा, सिंगदेही, गुरामी, बोरगांव, नारायणपुर, मानस मंडिलयों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। भव्य शुभारंभ ।।
सुसज्जित, सर्वसुविधायुक्त अस्पताल आपकी सेवा में आज से
डॉ. सुरभि मोहबे
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7
उपलब्ध विभाग
स्त्री रोग, शिशु रोग, जनरल मेडिसिन, चर्म रोग
हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, कान नाक गला, कैंसर रोग
पैथोलॉजी, एक्स-रे, दवाई दुकान
मुख्य अतिथि
डॉ. सी.एस. मोहबे (मुन्ना भैया)
पूर्व मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी
दिनांक - आज 15 फरवरी
समय - सुबह 11 बजे से
स्थान - विनायक टॉवर, कंचन बाग रोड़, सनसिटी के पास, राजनांदगाँव
डॉ. रमेश मोहबे
डॉ. सुरभि मोहबे
श्री बिकाश कुमार पोद्दार

**धर्मसभा:** श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग ने धर्म को किया परिभाषित

# किसी भी वस्तु की सत्ता और उपयोगिता जिस पर निर्भर होती है उसी का नाम धर्म है






हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग ने धर्म की परिभाषा बताते हुए कहा कि मत्स्य पुराण अग्नि पुराण आदि के अनुसार जो धारक और उद्धारक होता है उसी का नाम धर्म है धारणात धर्मः किसी भी वस्तु की सत्ता और उपयोगिता जिस पर निर्भर होती है उसी का नाम धर्म है। पृथ्वी के जितने भी कार्य हैं पार्थिव वृक्ष आदि, उनको धारण करने वाली पृथ्वी का नाम धर्म है। सिद्ध कोटि का धर्म, पृथ्वी को धारण करने वाला सन्निकट निर्विशेष जल का नाम धर्म है। जल को धारण करने वाला जल के उदय विलय निलय स्थान सन्निकट निर्विशेष अग्नि का नाम धर्म है। अग्नि को धारण करने वाला पवन या वायु का नाम धर्म है। वायु को धारण करने वाले आकाश का नाम धर्म है। आकाश को धारण करने वाला बिजावस्थापन्न अव्यक्त का नाम धर्म है। अव्यक्त जिसकी शक्ति परमात्मा का नाम धर्म है। कठोपनिषद और बौद्धगम में आत्मा का नाम धर्म है। यह सब सिद्ध कोटि का धर्म है इसी प्रकार साध्य कोटि का धर्म है यज्ञ, दान, तप, व्रत ,वर्णधर्म, आश्रम धर्म आदि। उन्होंने आगे कहा कि लौकिक और पारलौकिक उत्कर्ष और मोक्ष उपलब्धि के मार्ग का नाम धर्म है। उल्लेखनीय है कि ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत 12 फरवरी से 15 फरवरी तक कवर्धा में प्रवास है। इस अवसर पर स्थानीय सरदार पटेल मैदान में आयोजित विशाल धर्मसभा में पूज्यपाद के निज सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती महाराज ने विरुदावली प्रस्तुत किया। उनके पूर्व आदित्यवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने संस्था की ओर से स्वागत प्रतिनिवेदन प्रस्तुत किया।

## श्रीमद् भागवत से प्रेरणा लेनी चाहिए

श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा जिस व्यक्ति के पास विद्या, बल, वैभव और सेवा का प्रकल्प है तो वह व्यक्ति सब प्रकार से सुदृढ़ है। विवाह में वर्ण संकरता के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गोत्र और प्रवर को ध्यान में रखते हुए ही विवाह किया जाता है सगोत्र विवाह निषिद्ध है। जगद्गुरु शंकराचार्य महाभाग ने आगे कहा कि जिसकी हम निंदा करते हैं तो स्वयं निंद्य हो जाते हैं प्रशंसा करते हैं तो स्वयं प्रशंसित हो जाते हैं। इसलिए हमें श्रीमद् भागवत से प्रेरणा लेनी चाहिए कभी निषेध मुख से तो कभी विधि मुख से शिक्षा लेनी चाहिए यदि कोई बुरा काम करता है तो मुझे यह काम नहीं करना है और यदि कोई अच्छा काम करता है तो मुझे ऐसा काम करना है इस प्रकार शिक्षा लेनी चाहिए। यदि हम सब को समझने चलेंगे तो यह संभव नहीं है। भगवान दत्तात्रेय की शैली को अपनाना चाहिए। गौवंश की रक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पृथ्वी के धारक सभी तत्वों को द्रुत गति से विकृत और विलुप्त किया जा रहा है। पीएम मोदी पहले मनमोहन सिंह को गौ हत्या बंद करने के संबंध में कहते थे, लेकिन अब तो वे स्वयं प्रधानमंत्री हैं और कहते हैं गौ रक्षक गुंडे। महायंत्र के इस युग में गौवंश की रक्षा कठिन है। धर्म सभा का संचालन ऋषिकेश ब्रह्मचारी ने किया। बड़ी संख्या में कबीरपंथी समाज ने जगतगुरु शंकराचार्य का स्वागत किया उन्हें गाजे बाजे के साथ कीर्तन करते हुए सम्मान पूर्वक मंच तक लाया।

# धान से भरी ट्रक के चपेट में आने से मोटर साइकिल चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

शहर व अंचल में सड़क दुर्घटना थमने का नाम ही नही ले रही है। वहीं शासन प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता अभियान व लोगो को लगातार समझाईश के बाद भी सड़क दुर्घटना व हादसे पर अंकुश लगाने में जिम्मेदार विभाग असमर्थ नजर आ रही है। वहीं कवर्धा बिलासपुर नेशनल हाईव-30 का पूरा मामला पोंड़ी चौकी थाना क्षेत्रांतर्गत की है। जहां पोंड़ी स्थित वर्मा पेट्रोल पंप के पास का है। गुरुवार की रात 10 बजे के करीब वर्मा पेट्रोल के पास खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेएच 6062 की वाहन चालक की भारी लापरवाही के कारण ग्रामीण युवक की दर्द नाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिल्हाटी निवासी धर्मेंद्र चंद्रवंशी ट्रक के पीछे खड़ा हुआ था, इस बीच ट्रक वाहन चालक द्वारा धान से भरी ट्रक को रिवर्स पीछे करने का प्रयास किया वहीं ट्रक के पीछे खड़ा ग्रामीण युवक धर्मेंद्र चंद्रवंशी बाइक सहित ट्रक के नीचे आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रक वाहन चालक इस बीच मौके का फायदा उठाकर मौंके से फरार हो गया। वहीं इस सड़क हादसे की सूचना पोंड़ी पुलिस को दी गई साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को सड़क हादसे की जानकारी मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पहुंचा। जहां भारी मसक्कत के बाद ग्रामीण युवक की शव को बाहर निकाला गया। वहीं एंबुलेंस वाहन द्वारा मृतक ग्रामीण युवक के क्षत-विक्षत शव को पीएम के लिए भेजा गया। वहीं पोंड़ी थाना चौकी पुलिस द्वारा फरार वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है।

## अभ्युदय स्कूल की छात्रा श्रेया पाली ने बढ़ाया नगर का गौरव




**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल कक्षा सातवीं की छात्रा श्रेया पाली ने बालिका साफ्टबॉल राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्थान बनाकर विद्यालय एवं नगर का नाम रौशन किया। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों जिले में आयोजित बालिका साफ्टबॉल राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अपना स्थान सुनिश्चित किया। वहीं 13 से 16 फरवरी तक संभाजी नगर महाराष्ट्र में बालिका साफ्टबॉल राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे अभ्युदय स्कूल के खेल शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी थवाईत के मार्गदर्शन में कक्षा सातवी की छात्रा श्रेया पाली ना केवल विद्यालय स्तर अपितु राज्य स्तर पर नगर का नेतृत्व करेगी। छात्रा के इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने आगामी सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### निष्पक्षता एवं पारदर्शिता हेतु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में हाल ही में सम्पन्न नगरीय निकाय चुनाव की सफलता के पश्चात 15 फरवरी को निर्धारित मतगणना आयोजित की जाएगी। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश में जिले के सभी नगरीय निकायों कवर्धा, पांडातराई, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पिपरिया, पंडरिया एवं इंदौरी में स्थापित सात स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किया गया है। मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस ने विस्तृत एवं बहुस्तरीय इंतजाम किए हैं। इस सुनियोजित सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी की गुंजाइश समाप्त की जाएगी। सभी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का पूर्ण प्रभारी डीएसपी रैंक के राजपत्रित अधिकारी रहेंगे, जो केंद्र-केन्द्र की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। वहीं अतिरिक्त निगरानी हेतु एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र बघेल कवर्धा, पिपरिया, सहसपुर लोहारा एवं इंदौरी में तथा एडिशनल एसपी पंकज पटेल पंडरिया, पांडातराई एवं बोड़ला में सतत निगरानी रखेंगे। मतगणना केंद्रों के बाहरी एवं आंतरिक क्षेत्रों में चौकस सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, जो निरंतर सुरक्षा पैट्रोलिंग एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी करेंगे। इस सुनियोजित एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने का पूरा इंतजाम किया गया है।

# पंडरिया में अपराध पर अंकुश लगने और अवैध कारोबार, भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी बंद होने से बौखलाएं कांग्रेसी




- हार के डर से घबराई कांग्रेस, भाजपा प्रत्याशी से मारपीट एवं महिला प्रत्याशी से अभद्रता के साथ ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मचाया उत्पाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में पिछले पांच वर्षो में नगर की अस्थिर सरकार में हो रहे कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के आने के बाद से अंकुश लगने से कांग्रेस के नेताओं का दाना-पानी बंद हो गया है, इससे बौखलाएं कांग्रेसी नेता और उनके कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव के दौरान जमकर गुंडागर्दी और उत्पाद मचाया। विधायक श्रीमती बोहरा पर भी कांग्रेसी नेताओं ने हमले की साजिश रची लेकिन सफल नहीं हो सके। इसी बीच भाजपा की महिला पार्षद प्रत्याशी के साथ भी कांग्रेसियों ने अभद्रता की उनके साथ छेड़छाड़ किया और डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया, जिसके विरुद्ध पंडरिया थाने में इसकी एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। वहीं वार्ड नंबर 16 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम साहू के घर-घुसकर कांग्रेसी गुंडों ने प्रत्याशी का सर फोड़ा तथा उनके परिवारजनों के साथ भी मारपीट की। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के नेताओं ने नगर पालिका पंडरिया में उनकी पार्टी अध्यक्ष रहते जमकर पैसों का बन्दरबांट किया।

विकास कार्यो के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया, डीजल और जल आवर्धन घोटाले जैसे घोटालों से जनता में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश स्पष्ट दिख रहा था, इसलिए पंडरिया में कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा को बदनाम करने और अपनी बौखलाहट दूर करने के लिए जमकर गुंडागर्दी एवं उपद्रव मचाया, जिससे नगर में शांति व्यवस्था भंग हुई। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं एवं गुंडों ने जमकर शहर में हंगामा किया। मतदाताओं को डराने धमकाने का प्रयास किया। इससे जनता में कांग्रेस के प्रति नाराजगी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की ईमानदार छवि कांग्रेसी नेताओं को चुभने लगी है। जबसे भावना बोहरा पंडरिया की विधायक बनी हैं तब से पंडरिया में अवैध कारोबार पर अंकुश लगा है, अपराधियों पर लगाम लगी है, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पूरी तरह समाप्त हो गया है जिसके चलते कांग्रेसी नेताओं की आमदनी नहीं हो रही है। चुनाव के एक दिन पूर्व खुद विधायक ने पंडरिया में शांति पूर्ण तरीके से चुनाव हो इसके लिए कमान संभाली। पूरी रात उन्होंने कांग्रेसियों द्वारा उपद्रव मचाने की कोशिशों को नाकाम किया।

बाहर से आए कांग्रेस के किराए के गुंडे बदमाशों के साथ कांग्रेसी नेताओं ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया, मतदाताओं को धमकाया और नगर में अराजकता फैलाने का प्रयास किया, लेकिन विधायक की तत्परता से नगर में शांति व्यवस्था और अराजकता फैलाने वाले लोगों के इरादों को नाकाम किया, जिससे कांग्रेसी नेता अपनी हार होते देखकर उनपर झूठे आरोप लगा रहें हैं। कांग्रेसियों द्वारा नगर में जनता को शराब और पैसे बाटकर उनका वोट परिवर्तित करने का प्रयास किया।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चलाया जन-जागरुकता अभियान

- स्लोगन व नारे के साथ नगर भ्रमण कर किया जागरूक।





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए सहायक शिक्षक व बूथ लेवल अधिकारी पं चंद्रप्रकाश घृतलहरे ने भाग संख्या 145 सिंघनपुरी (ब) मे ग्रामीणों के साथ विशेष मतदाता जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह मतदाता अभियान जिले में नया व प्रशंसनीय है, इस मतदाता जन-जागरूकता अभियान में शिक्षक पं चंद्रप्रकाश घृतलहरे द्वारा स्वयं का रचित पंचायत से संबंधित गीत व गायन की रिकॉर्डिंग कर ग्रामीणों की विशेष सहयोग से संगीत तैयार कर व स्वयं द्वारा गाकर लोगों को जन-जागरुक करते नजर आए।

इस गीत का रिकॉर्डिंग पूरे वाद्य यंत्र के साथ समाजसेवी कुमार पटेल, मदन परस्ते, रामचरण पटेल के सहयोग से तैयार किया गया था, इस गीत में जन-जागरूकता का संदेश साथ ही साथ पंचायत जागरूकता गीत में ग्रामीणों को बारीकी से समझाने का प्रयास पर परिलक्षित हो रहा था और अंत में सोच समझकर, जाति-पाति से ऊपर उठकर, एक-दूसरे को समझाकर, नशा मुक्त होकर, गांव की भौतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर, शिक्षा को ध्यान में रखकर, अपने बच्चों की विकास को ध्यान में रखकर, अपने मताधिकार को अपना अधिकार समझकर, गांव की विकास को दृष्टिगत रखते हुए, निर्भीक व स्वतंत्र होकर मतदान करने हेतु संगीतमय में ढ़ंग से प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमार पटेल, मदन परस्ते, रामचरण पटेल, सरिता शर्मा, कमल सिंह धुर्वे,यशोदा मानिकपुरी, सुरेश कोरिया शिक्षक, भागमती, रामजी पटेल, चंद्रेश, शिवकुमार, माल पटेल, फिरतू, आकाश पटेल, राजकुमार निर्मलकर, बिरजू, भारत, मैंना बाई, सदराम, प्रहलाद, तुलसी, अवध व ग्रामीण बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

## सोमनापुर में त्याग और समर्पण का प्रतीक मातृ-पितृ दिवस मना



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सोमनापुर नया में मातृ-पितृ दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी आए हुए मातृ- पितृ शक्तियों द्वारा मां सरस्वती की तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा मातृ-पितृ शक्तियों का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नवाचारी शिक्षक महेश जायसवाल ने सभी मातृ-पितृ शक्तियों का पूजन सह-आशीर्वाद लेते हुए कहा कि मातृ और पितृ शक्ति हमेशा हमारे लिए पूजनीय है, जीवन में हमे सब कुछ मिल जाएंगे, लेकिन मां-बाप नहीं। जननी ने कितना कष्ट सहकर हमे जन्म दिया, पिता ने पालपोस कर, पढ़ाया-लिखाया और हमे एक काबिल इंसान बनाया, उनका ऋण हम जीवन भर नही चुका पाएंगे। उन्होने कहा कि माता-पिता का स्थान सर्वोच्च बताया गया है, इस लिए हमे उनका देखभाल और ध्यान हमेशा रखना चाहिए, बच्चों में सम्मान, आज्ञाकारिता और विनम्रता जैसे मूल्यों को विकसित करने के लिए इस प्रकार का आयोजन का होना बहुत ही आवश्यक है। साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक भगत राम बांधकर एवं शिक्षक कार्तिक राम खूंटे, प्रताप सिंह राठौर ने भी इस मौके पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मातृ-पितृ शक्तियों में हेमकुमार पटेल, ललिता पटेल, रामगोपाल, रेवती पटेल, दिनेश पटेल, कन्हैया पटेल, कवल पटेल, रमेशु पटेल, मनोज पटेल, चैती बाई, रधिला बाई, मिलापा पटेल, सहोद्रा पटेल, धानबाई पटेल एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## माता-पिता की सेवा करने से यश, कीर्ति, आयु बढ़ाती हैं

# जैतपुरी-रामचुवा में मातृ-पितृ पूजन दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

14 फरवरी को पाश्चात्य संस्कृति का प्रतीक वैलेंटाइन डे का बहिष्कार करते हुए बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग साधकों ने धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने बताया की सनातन धर्म के ग्रंथो में माता-पिता का विशेष महत्व को दर्शाया हैं। तैतरीय उपनिषद में मातृ देवो भव पितृ देवो भव मंत्र वर्णित हैं। तैतरीय उपनिषद में लिखा गया मातृ देवो भवः यानी मां देवताओं से भी बढ़कर होती है, मां जननी है, यानी जन्म देने वाली, जिसका स्थान संसार में सबसे ऊपर है, प्रेम, करुणा, भाव और वात्सल्य का दूसरा रूप यदि कोई है तो वह मां ही है।

इसी प्रकार जीवन में पिता का भी विशेष महत्व को बताया गया हैं। साथ ही साथ रामचरित मानस में लिखा गया हैं की प्रातःकाल उठि कै रघुनाथा मातु-पिता, गुरु नावहि माथा। श्रीरामचंद्र प्रातः काल उठकर माता-पिता और गुरु के चरणों में शीश झुकाते थे इसी प्रकार महान मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार अपने माता-पिता का जिस प्रकार सेवा किया हैं वह भी अनुकरणीय हैं। वास्तव में माता-पिता का सेवा करना हर संतान का प्रथम कर्त्तव्य हैं। माता-पिता की सेवा करने से यश, कीर्ति, आयु बढ़ाती हैं।

## डीयू सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इसमे एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कम्प्युटर विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2024-25 शामिल है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## मतगणना: 27 टेबलों में होगी कवर्धा नगर पालिका की मतगणना

# किसके सिर सजेगा शहरी सत्ता का ताज फैसला आज, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

मतदान के बाद करीब चार दिनो के इंतजार के बाद मतपेटियों में बंद कवर्धा नगर पालिका सहित जिले की दो नगर पालिका तथा पांचों नगर पंचायतों से अपनी किस्मत आजमा रहे विभिन्न राजनीतिक दलों और गैर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतगणना के लिए निर्धारित तिथि 15 फरवरी को हो जायेगा। जिला निर्वाचन ने मतगणना की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। माना जा रहा है कि कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका सहित नगर पंचायत सहसपुर लोहारा,, पाण्डातराई, पिपरिया तथा इंदौरी में रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। कवर्धा नगर पालिका में सत्ता रूढ़ दल भाजपा तथा प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। सभी लोगों की निगाहें इस रोचक मुकाबले का परिणाम जानने टिकी हुई हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत पंडरिया में भाजपा और कांग्रेस के बीच घमासान होगा। इस मुकाबले का परिणाम जानने भी लोग काफी उत्सुक हैं। जानकारों के मुताबिक नगर पंचायत स. लोहारा तथा बोड़ला का मुकाबला भी रोचक है क्योंकि यहां भाजपा, कांग्रेस के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावीरण में है लिहाजा यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। उल्लेखनीय है जिले सात नगरीय निकाय चुनाव के लिए गत 11 फरवरी को मतदान किया गया था। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में जिले की सात नगरीय निकायों के करीब 300 से अधिक प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शनिवार को मतगणना के बाद होगा। जिसमें कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो के 75 उम्मीदवारों के साथ ही पंडरिया, पांडातराई, बोड़ला, सहसपुर लोहारा, पिपरिया तथा इंदौरी नगरीय निकाय के प्रत्याशी शामिल हैं।

### पीजी कॉलेज में की जाएगी कवर्धा नपा की मतगणना



जिला निर्वाचन द्वारा मतगणना की व्यवस्था जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में की गई है। कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ, अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

### जिले के नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि नगरीय निकाय कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र की मतगणना आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय महाविद्यालय कवर्धा में, पंडरिया की मतगणना कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैराग पारा पंडरिया में, नगर पंचायत पाण्डातराई की मतगणना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई, पिपरिया की मतगणना पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया, इंदौरी की मतगणना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौरी, बोड़ला की मतगणना वार्ड 11 मंगल भवन बांधाटोला बोड़ला और सहसपुर लोहारा की गणना पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहारा में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।



### प्रत्याशियों की धड़कने तेज

टिकट की जद्दोजहद से लेकर चुनावी प्रक्रिया और चुनावी प्रक्रिया से लेकर मतदान की धमाचौकड़ी के बाद अब वो दिन आ गया है जब इस पूरी कवायद का परिणाम सामने आयेगा। इस परिणाम को लेकर प्रत्याशियों की धड़कने तेज हो गई हैं और वे अपनी जीत के आंकड़ों में उलझे नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 15 फरवरी को आने वाने नगरीय निकाय के चुनाव परिणामों को लेकर मतदाताओं में भी खासी उत्सुकता देखी जा रही है, आलम ये है कि जहां देखो वहां सिर्फ चुनाव परिणाम को लेकर ही चर्चा का दौर चल रहा है। इस बीच सट्टा का भी बाजार जोर पकड़ रहा है हालांकि लोग काफी सोच विचारकर और एक दम जीतने वाले प्रत्याशियों पर ही दांव लगा रहे हैं। कुल मिलाकर यह पूरा खेल चंद घंटों का रह गया है। मतगणना के बाद सारी अटकलों और संभावनाओं पर स्वतः ही विराम लग जायेगा।

### मतपत्रों के रंग

| पद | रंग |
|---|---|
| जिला पंचायत सदस्य | गुलाबी |
| जनपद पंचायत सदस्य | पीला |
| सरपंच | नीला |
| पंच | सफेद |

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए सफेद, नीला, पीला, गुलाबी रंग के होंगे मतपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत पंच-सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए दो चरण में मतदान होंगे। बैलेट पेपर (मतपत्रों) से मतदान होना है, इसे लेकर 4 रंग के बैलेट पेपर होंगे। सफेद, नीला, पीला और गुलाबी। अलग पदों पर वोटिंग के लिए अलग रंग निर्धारित किए गए हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक पंच पद के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र होगा। एक वोटर पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए अलग-अलग मतपत्रों से वोटिंग करेंगे। मतदान के लिए मतपेटियों की मरम्मत कर ली गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कुल 1163 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में एक छोटी और एक बड़ी मतपेटी की व्यवस्था की जाएगी। वोटर मतपत्रों में अपने पसंद के प्रत्याशी पर मुहर लगाएंगे और इन्हीं मतपेटियों में पर्चियां डालेंगे, इसकी तैयारी जारी है।

### जिले की 469 पंचायतों में सरपंच पद का चुनाव

जिले की 469 ग्राम पंचायतों में सरपंच, 6166 वार्ड पंच, 100 जप सदस्य, 14 जिपं सदस्य के लिए चुनाव हो रहे हैं। इनमें कवर्धा जनपद क्षेत्र में पंच के 1408, सरपंच के 105 पद, सहसपुर लोहारा जनपद में पंच के 1273, सरपंच 96, बोड़ला जनपद में पंच के 1577, सरपंच 125 और पंडरिया जनपद क्षेत्र में पंच 1966 व सरपंच 143 पद शामिल हैं। चारों जनपद में 25-25 सदस्य, जिपं की 14 सीटों के लिए वोटिंग होगी। जिले में दो चरण में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा जनपद क्षेत्र के लिए 17 फरवरी को वोटिंग होगी। वहीं दूसरे चरण में 20 फरवरी को बोड़ला और पंडरिया जनपद क्षेत्र के लिए मतदान होना है। वोटिंग को लेकर निर्वाचन विभाग तैयारी में जुट गया है। पंडरिया जनपद में 437, कवर्धा में 265, सहसपुर लोहारा में 243 और बोड़ला जनपद में 308 कुल 1163 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### डीयू: सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** पदुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी है। इसमें एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है।

### मतदाता की पहचान हेतु 18 दस्तावेज होंगे मान्य

**कवर्धा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, सहित मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

# धान बेचने के 25 दिन बाद भी किसानों को नहीं मिली फूटी कौड़ी: चोवाराम साहू

## भुगतान पाने भटक रहे जिले के सैकड़ों किसान



- 20 जनवरी के बाद धान बेंचने वाले किसानो को नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

समर्थन मूल्य में धान की उपज बेंचने वाले जिले के धान उत्पादक किसानो को प्रदेश सरकार के वायदे के मुताबिक बेंची गई फसल की राशि नहीं मिल पा रही है। किसानो द्वारा समर्थन मूल्य में बेंचे गए धान के भुगतान में हो रही इस भारी लेटलतीफी से किसानो में भारी असंतोष तथा नाराजगी देखी जा रही है। वहीं उन्हें खासी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के किसानों से 14 नवंबर से 31 जनवरी तक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई। जिन किसानो ने 14 नवम्बर से 20 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर सेवा सहकारी समितियों में धान की उपज बेंची है उन्हें शासन ने पहले तो अपनी घोषणा के विपरीत 3100 रूपए के बजाए सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया। बाद में बोनस के रूप में 800 सौ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए धान के समर्थन मूल्य की 117 रूपए की राशि का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफ जिले के जिन किसानो ने 20 जनवरी के बाद सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर अपनी धान की उपज बेंची है उन्हें अभी तक फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि शासन ने किसानो से वादा किया था कि किसानो के उपज बेंचने के 72 घंटे के भीतर एक मुस्त 3100 रूपए का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया जाएगा। लेकिन 20 जनवरी के बाद धान बेंचने वाले किसानो को आज अपनी उपज बेंचे आज करीब 25 दिन हो चुके हैं लेकिन उन्हें अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। जिससे किसानो के सामने भारी आर्थिक तंगी की स्थिति निर्मित हो रही है। किसानो ने बताया कि इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा है, प्रयागराज में महाकुंभ लगा है लेकिन हांथ में राशि नहीं होने के कारण वे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसान काट रहे बैंकों के चक्कर

बताया जाता है कि 20 जनवरी के बाद अपनी धान की उपज सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य में बेंचने वाले जिले के सैकड़ों किसान हर दिन बैंक के चक्कर काट रहे हैं लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा उन्हें एक ही जवाब दिया जा रहा है कि अभी उनके खाते में राशि नहीं डाली गई है। ऐसे में किसानो ने शासन से मांग की है कि 20 जनवरी के बाद धान की उपज बेंचने वाले किसानो के खातों में तत्काल राशि का भुगतान किया जाए।

# वाणी विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिलेभर में मतदाता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाणी विद्या मंदिर खपरी के छात्र छात्राओं द्वारा शनिवार को हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान के प्रति नारे लगाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिऐ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं हाथ मे तख्तियां लेकर चल रहे थे। उन्होने पहले मतदाता फिर जलपान, वोट की कीमत कभी नही लेंगे, लेकिन वोट जरूर देंगे, हर वोट कीमती है वोट देने की सबको विनती है, नागरिकों की पहचान सबसे पहले मत का दान, रिश्ते नाते खूब निभाओ पहले मतदान कर आओ, अंतर्मन से वोट देना बदले में कुछ नही लेना, दारू-लालच-रुपए-नोट नही लेंगे देंगे मन का वोट, डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ जैसे स्लोगन के साथ जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान वाणी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## कोदो, कुटकी सहित रागी की खरीदी कल तक, अब तक 4430.78 क्विंटल संग्रहण

**कवर्धा।** वर्ष 2024-25 के लिए कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी 15 दिसंबर 2024 से जारी है। यह खरीदी लघु वनोपज संघ द्वारा जिला यूनियन कवर्धा के जरिए की जा रही है। जिले की 46 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के हाट बाजार केंद्रों में महिला स्व-सहायता समूहों के जरिए अनाज खरीदा जा रहा है। किसान 15 फरवरी तक अपनी उपज बेच सकते हैं। डीएफओ के अनुसार इस योजना का उद्देश्य वनांचल के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना और मोटे अनाज को बढ़ावा देना है। इससे किसानों को बिचौलियों को औने-पौने दाम पर अनाज बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस साल कोदो की खरीदी का लक्ष्य 18 हजार क्विंटल, कुटकी 700 क्विंटल और रागी 500 क्विंटल रखा गया है। खरीदी के लिए अनाज 2024 का ही होना चाहिए। प्रति एकड़ कोदो-रागी 3 .50 क्विंटल और कुटकी 2 क्विंटल खरीदी जाएगी। 30 जनवरी तक कुल 4430 .78 क्विंटल मिलेट्स संग्रहित हो चुके हैं। इस साल कोदो का समर्थन मूल्य 32 रुपए प्रति किलो, कुटकी 33 .50 रुपए प्रति किलो और रागी 42 .90 रुपए प्रति किलो तय किया गया है। रागी का समर्थन मूल्य 38 .46 रुपए प्रति किलो से बढ़ाकर 42 .90 रुपए प्रति किलो किए हैं।



## नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कन्हैया अग्रवाल ने किया श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

# गौमाता को रोटी खिलाने से मनोकामना होती है पूर्ण: आचार्य रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कवर्धा शहर में धार्मिक आयोजन जोरों पर है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कन्हैया अग्रवाल द्वारा जी श्याम पैलेस, लालपुर रोड, कवर्धा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र कथा का वाचन आचार्य रामेश्वर नारायण, शारदा शक्तिपीठ, मैहर, मध्यप्रदेश द्वारा किया जा रहा है। आचार्य रामेश्वर नारायण ने 8 फरवरी से श्रीमद भागवत कथा का रसपान शुरू किया था, और यह कथा 15 फरवरी तक चलेगी। यह आयोजन कवर्धा के नागरिकों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव का मौका बन चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। कथा के छठवें दिन शारदा पीठ मैहर वाले पूज्य आचार्य पंडित रामेश्वर नारायण जी ने कृष्ण कथा और गौ माता की महिमा को विस्तार से सुनाया उन्होंने कहा कि गौ माता के दर्शन मात्र से मनुष्य को अपार पुन्य मिल जाता है एक बार लक्ष्मी जी ने गौ माता को पूछा कि मैं आपके शरीर में निवास करना चाहती हूं, तब गौ माता ने कहा की मेरे शरीर में कोटिशः देवताओं का निवास पहले से है आप मेरे गोबर में निवास करो गोबर की खाद से अन्न उपजते है,




आपने देखा होगा पहले घरों को गोबर में लीपा जाता था उस समय लोग कम बीमार पड़ते थे गंभीर बीमारी तो होता ही नहीं था, गोबर की उपलों से भोजन बनाया जाता था जिससे सात्विक भोजन बनता था मृत्यु लोक है यहां किसी को नही रहना सभी को एक दिन जाना होगा, लोग गौ पालने में शर्म करते है और कुत्ता पालने में राहीस बताते है, तो मृत्यु के समय क्या कुतोया दान करोगे बैतरणी तो गौ माता पार कराएगी उन्होंने कहा कि व्यासपीठ से बोल रहा हूं गौ माता को रोटी खिलाने से मनोकामना पूर्ण होता है, कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है लोग भक्ति भाव से कथा का रसपान कर रहे है। आयोजक कन्हैया अग्रवाल ने इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रकार की धार्मिक गतिविधियाँ लोगों के जीवन में सकारात्मकता और शांति का संचार करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समाज में धर्म और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा, जो हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ है, जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालती है। यह कथा भगवान श्री कृष्ण के जीवन, उनके कार्यों और उपदेशों के माध्यम से जीवन को सही दिशा और मार्गदर्शन देती है। कवर्धा शहर के नागरिक इस कथा के रसपान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं और आचार्य रामेश्वर नारायण से धार्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। कथा स्थल पर भक्तों की आस्था और श्रद्धा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि कथा स्थल को सुंदर रूप से सजाया गया है और पूरे वातावरण में एक धार्मिक आस्था और ऊर्जा का संचार हो रहा है। रही है।

# सशिमं के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोदवागोड़ान

स्थानीय शिशुमंदिर में आज वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमो के जरिए उपस्थित जन समुदाय की तालियां बटोरी वहीं ढेर सारे नगद पुरस्कार भी पाए।

आज सुबह 11 बजे पालकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती तथा भारत माता के तैल चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान यहां पढ़ने वाले नन्हें मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य और भावाभिनय की माध्यम से प्रस्तुति देते हुए अपनी बेहतरीन प्रतिभा का परिचय दिया जिसे लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त



आचार्य, दीदी के अलावा ग्राम के वरिष्ठ ग्रामीण जन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य चंद्रकिशोर प्रजापति ने किया।